# LekVZ foyst Ldhe

# eksxM+k dyka xk¡o

# okf"kZd izxfr fjiksVZ

## 1-4-2021 ls 31-3-2022

| S. NO. | Date | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1 | 20.08.21 | **मोगड़ा कलां गांव में औषधीय पादपों का वितरण एवं वृक्षारोपण** |
| 2 | 29-08-2021 | **स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव के तहत् मोगड़ा कलां गाँव मे कोविड टीकाकारण** |
| 3 | 13-9-21 | **मोगड़ा कलां गाँव में जैव उर्वरक कार्यशाला आयोजित** |
| 4 | 30.10-2021 | **स्मार्ट विलेज मोगड़ा कलां के किसानों ने किया काजरी भ्रमण** |
| 5 | 20-01-2022 | **समेकित बाल विकास योजना के तहत् स्मार्ट विलेज मोगड़ा कलां गाँव को खेल सामग्री भेंट** |
| 6 | 22-03-2022 | **विवि ने स्मार्ट विलेज मोगड़ा के सरकारी स्कूल में लगाए सीसीटीवी कैमरे** |

दिनांक 20.08.21

## मोगड़ा कलां गांव में औषधीय पादपों का वितरण एवं वृक्षारोपण

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा महामहिम राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के निर्देशों की अनुपालना मे विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव स्कीम के तहत गोद लिए गए मोगड़ा कलां गांव में औषधीय पादपों का वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के स्मार्ट विलेज नोडल अधिकारी व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के बेनर तले गांव मे एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर ''हरित गांव'' की थीम पर औषधीय व फलदार पौधो का वितरण किया गया। औषधीय पौधों मे तुलसी, गिलोय, ग्वार भाटा, शतावरी तथा फलदार पौधे मे जामुन सीताफल, अमरूद, गुंदा, अनार, बादाम व आम के पौधों थे। पौधों का वितरण मोगड़ा कलां गांव मे पचांयत समिति के प्रागंण मे विशेष शिविर लगाकर किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत राजस्थान सरकार द्वारा 01 अगस्त 2021 को ''स्वस्थ राजस्थान- हरित राजस्थान'' की थीम पर ''घर-घर औषधी योजना'' की शुरूआत की गई है जिसके तहत राजस्थान प्रदेश के 1.26 करोड़ परिवारों को पांच वर्ष मे तीन बार 8-8 औषधीय पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस योजना को ध्यान मे रखते हुए मोगड़ा कलां गांव मे औषधीय पौधो का वितरण किया गया है। एक दिवसीय शिविर मे मोगड़ा कलां के सरपंच श्री वगाराम पटेल व प्रो. प्रवीण गहलोत द्वारा गांव के मन्दिर प्रांगण मे तुलसी के पौधे का वृक्षारोपण कर की। सरपंच श्री वागाराम पटेल ने ग्रामीणो को औषधीय व फलदार पौधों का वितरण मे अपना सहयोग प्रदान किया।

एक दिवसीय शिविर मे राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक भैराराम, प्रवीण व जयसूर्या ने श्रमदान कर पौधो के वितरण व वृक्षारोपण मे अपनी भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य रक्षण तथा औषधिय व फलदार पौधों के सरंक्षण व संवर्धन हेतु एक अनन्य पहल बताया व ''**औषधी प्रशस्ता धारयेत**'' अर्थात उत्तम औषधियों को साथ रखने के वाक्य के चरितार्थ करने वाला बताया।



**विवि के गोद लिए मोगड़ा कलां गांव में औषधीय पौधे बांटे**

**जोधपुर**। व्यास विश्वविद्यालय के स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव स्कीम के तहत गोद लिए गए मोगड़ा कलां गांव में औषधीय पादपों का वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोण् प्रवीण गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले गांव मे एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर हरित गांव की थीम पर औषधीय व फलदार पौधों का वितरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों के साथ पौधरोपण भी किया गया। विवि के गोद लिए गांव में राज्यपाल ने नियमित तौर पर गतिविधियां करने के निर्देश दिए हैं।






...तानुकूलित

महिला अधिकारी श्रीमती फरहा हुसैन ने डॉ एमएस मेहता ने आभार ज्ञापित किया।

...न को
...चीवमेंट
...नवाजा

...खिल भारतीय ... के लोक कला ... ऊष्टवाहिनी के ...धायक सूर्यकांता ...रिक्षक मधुसूदन ...आईम एचीवमेंट ...गया। इस मौके ...र व मोमेंटो देकर ...ा। समारोह के ...दराज व्यास थे। ... राष्ट्रीय अध्यक्ष ... विशिष्ट अतिथि ...र्म, महेश प्रकाश ...कोष्ठ के राष्ट्रीय ... जोशी ने बताया ...सुबह 8 से 11 ...हिनी की पूजा ...ज के संतो की ...बाद समाज के ...की समाधि पर ...जिसमें मुख्यमंत्री ...य नारायण व्यास ...से पूर्व शुक्रवार ...शिवदत्त स्मारक ... सभागार में ...र व सम्मान ...आ।

# स्मार्ट विलेज में औषधीय पादपों का वितरण




जोधपुर(नस)। जय नारायण व्यास विष्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा राज्यपाल के निर्देशों की अनुपालना मे आज विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव स्कीम के तहत गोद लिए गए गांव मोगड़ा कलां में औषधीय पादपों का वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के अधिकारी स्मार्ट विलेज नोडल अधिकारी व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर तले गांव मे एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर हरित गांव की थीम पर औषधीय व फलदार पौधों का वितरण किया गया। औषधीय पौधों मे तुलसी, गिलोय, ग्वार माटा, सतावरी तथा फलदार पौधे मे जामुन सीताफल, अमरूद, गुंदा, अनार, बादाम व आम के पौधो थे। पौधों का वितरण मोगड़ा कलां गांव मे पचांयत समिति के प्रागंण मे विषेष षिविर लगाकर किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा एक अगस्त 2021 को स्वस्थ राजस्थान–हरित राजस्थान की थीम पर घर–घर औषधी योजना की शुरूआत की गई है जिसके तहत राजस्थान प्रदेष के 1.26 करोड़ परिवारों को पांच वर्ष मे तीन बार 8–8 औधीय पौधे उपलब्ध करवाए जाएंगे। इस योजना को ध्यान मे रखते हुए मोगड़ा कलां गांव मे औषीय पौधो का वितरण किया गया। शिविर मे मोगड़ा कलां के सरपंच बगाराम पटेल द्वारा गांव के मन्दिर प्रांगण मे तुलसी के पौधे का वृक्षारोपण कर की तथा उन्होंने ग्रामीणो को औषधीय व फलदार पौधो का वितरण मे अपना सहयोग प्रदान किया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक भैराराम, प्रवीण व जयसूर्या ने श्रमदान कर पौधो के वितरण व वृक्षारोपण मे अपनी भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने ग्रामीणो के स्वास्थ्य रक्षण तथा गांव में औषधयी व फलदार पौधो के सरंक्षण व संवर्धन हेतु एक अनन्य पहल बताया व ''औषधी प्रशस्ता धारयेत अर्थात उत्तम औषधियों को साथ रखने'' के वाक्य के चरितार्थ करने वाला बताया।

...री ऑफसेट जोधपुर द्वारा मुद्रित फोन:2431997, 2649218, फैक्स 0291-2649236 ई-मेल dainikpratinidhi@hotmail.com

## औषधीय पौधों का वितरण एवं वृक्षारोपण

जोधपुर, 21 अगस्त (कासं)। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव स्कीम के तहत गोद लिए गए गांव मोगड़ा कलां में औषधीय पादपों का वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि हरित गांव की थीम पर विशेष शिविर लगाकर पौधो का वितरण किया गया। समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने बताया कि सरपंच वगाराम पटेल द्वारा गांव के मन्दिर प्रांगण मे तुलसी रोप कर अभियान की शुरूआत की।












दिनांक 29-08-2021

## स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव के तहत् मोगड़ा कलां गाँव मे कोविड टीकाकारण

जय नारायण विश्वविद्यालय द्वारा स्मार्ट विपेज इनिशिएटिव के तहत् गोद लिए गए मोगड़ा कला गाँव में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रविवार को सेठ जवानमल सामसुखा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। स्मार्ट विलेज नोडल अधिकारी व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि टीकाकरण शिविर में 200 से अधिक ग्रामीणों को कोविशील्ड वैक्सीन की प्रथम व द्वितीय डोज लगाई गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने बताया कि माननीय कुलपति प्रो. प्रवीणचन्द्र त्रिवेदी के निर्देशानुसार गाँव में कोविड-**19** से बचाव हेतु टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत् गाँव में **100**% टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बलबंत मंडा से विशेष निवेदन के तहत् गाँव में टीकाकरण शिविर का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। सरपंच वागाराम पटेल ने बताया कि लगभग **75**% ग्रामीणों को कोविड के दोनों टीके लगाए जा चुक है व शिघ्र ही सभी ग्रामीणों के टीके लगवाकर गाँव को कोविड-**19** उन्मुलन के तहत् आदर्श गाँव घोषित किया जाएगा। स्मार्टविलेज कमेटी के सदस्य डॉ.अशोक कुमार पटेल ने मोबाईल एप द्वारा ग्रामीणों के पंजियन कर टीकाकरण में सहयोग दिया। नर्सिंग स्टाफ अंजली गौतम व मीनाक्षी ने टीके लगाए। इस अवसर पर गाँव वासी प्रदीप वैष्णव**,** प्रकाश पटेल सहित कई अन्य जन ने टीकाकरण में अपना सहयोग प्रदान किया।










दिनांक 13-9-21

## मोगड़ा कलां गाँव में जैव उर्वरक कार्यशाला आयोजित

महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति के निर्देशानुसार जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गाँव में स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव के तहत् आज दिनांक 13 सितंबर 2021 (सोमवार) को जैव उर्वरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संगीता सिंह विषय विशेषज्ञ के तौर पर ग्रामीणों एवं किसानों से रूबरू हुई। स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव के नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्धेश्य ग्रामीणों एवं किसानों को ट्राइकोडर्मा एवं पिरिफॉर्मोस्पोरा कवक से जैव उर्वरक बनाना, बीजों को उपचारित करने की विधियाँ बताना एवं इसके उपयोग से उत्पादन में बढ़ोतरी एवं पर्यावरणीय फायदों के बारे में विस्तार से बताना था। इस अवसर पर पोकरराम सोलंकी, भंवराराम, सांवलराम, ढल्लाराम, गोदाराम, जोगाराम, दल्लाराम, केवलराम, आशाराम, भलाराम, करनाराम एवं नरेश प्रजापत सहित कई महिलाएं भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक कुमार पटेल ने किया एवं कार्यशाला में भाग लेने हेतु समस्त ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।






**विवि के गोद लिए मोगड़ा कलां गांव में जैव उर्वरक कार्यशाला आयोजित**

नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गाँव मोगडा कलां में स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव के तहत 13 सितंबर को जैव उर्वरक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शुष्क वन अनुसंधान संस्थान आफरी की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.संगीता सिंह विषय विशेषज्ञ के तौर पर ग्रामीणों एवं किसानों से रूबरू हुई। स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव के नोडल अधिकारी प्रो.प्रवीण गहलोत ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्धेश्य ग्रामीणों एवं किसानों को ट्राइकोडर्मा एवं पिरिफॉर्मोस्पोरा कवक से जैव उर्वरक बनाना, बीजों को उपचारित करने की विधियाँ बताना एवं इसके उपयोग से उत्पादन में बढ़ोतरी एवं पर्यावरणीय फायदों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर पोकरराम सोलंकी, भंवराराम, सांवलराम, ढल्लाराम, गोदाराम, जोगाराम, दल्लाराम, केवलराम, आशाराम, भलाराम, करनाराम एवं नरेश प्रजापत सहित कई महिलाएं भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक कुमार पटेल ने किया।








**बीजों को उपचारित करने की विधि बताई**

जोधपुर| जेएनवीयू की ओर से गोद लिए गए गांव मोगड़ा कलां में स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव के तहत सोमवार को जैव उर्वरक कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी) की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संगीता सिंह ने जैव उर्वरक बनाने और बीजों को उपचारित करने की विधि बताई। नोडल अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया कि इस अवसर पर पोकरराम, भंवराराम, सांवलराम, ढल्लाराम, गोदाराम आदि मौजूद थे। संचालन डॉ. अशोक कुमार ने किया।

दिनांक 30.10-2021

**स्मार्ट विलेज मोगड़ा कलां के किसानों ने किया काजरी भ्रमण**

महामहिम राज्यपाल महोदय के आदेशानुसार स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव के अंतर्गत जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गाँव मोगड़ा कलां के कृषकों का एक दिवसीय काजरी भ्रमण करवाया गया। स्मार्ट विलेज के नोडल अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि इस भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य गाँव के किसानों को काजरी द्वारा की गई विभिन्न परियोजनाओं एवं तकनीकी हस्तांतरण से अवगत करवाना था। डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी गज सिंह जोधा ने एक शॉर्ट विडियो फिल्म के माध्यम से काजरी के प्रमुख उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए गए बहुआयामी शोध कार्यों की समेकित जानकारी दी।द्वितीय सत्र में तकनीकी अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में काजरी की नर्सरी में लगे छायादार पौधें, फलदार पौधें एवं नेपियर घास की विभिन्न किस्मों से अवगत कराया। तत्पश्चात् डॉ. सुरेन्द्र पूनिया ने सोलर पार्क में स्थापित विभिन्न प्रकार के संयंत्र जिसमें पशु आहार के लिए सोलर कुकर की कार्यप्रणाली की जानकारी दी।

भ्रमण के दौरान बाजरे से बेकरी बिस्कुट एवं कुरकुरे बनाने की विधि एवं इसमें प्रयोग में आने वाली मशीनों की जानकारी दी जिससे ग्रामीण कृषक अत्यंत प्रसन्न हुए एवं कई किसानों ने अपने गाँव में इन्हें शुरू करने की इच्छा जाहिर की।इस के साथ ही किसानों ने फल उद्यान में काजरीबेर की 40 प्रकार की किस्में, गूंदे, बेल-पत्र, अंजीर, अमरूद, कैरूंदा, आँवला, एलोवेरा, जोजोबा, खजूर सहित अन्य बागवानी फसलों से आय बढ़ाने संबंधी विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों के बारे मेंजानकारी जुटाई।

इस भ्रमण में गाँव के युवा सरपंच वागाराम पटेल भी मौजूद रहे।सरपंच ने बताया कि इस भ्रमण में पोकरराम, सांवलराम, बींजाराम, दलाराम, केवलराम, भल्लाराम, सुखराम, ओमसाई, मदनाराम, नरसिंहदान चारण सहित करीब 30 से अधिक ग्रामीण उपस्थित थे। भ्रमण को सफल बनाने में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सुमेरमल, प्रवीण गौड़, सुरेन्द्र रेबारी एवं हरचंद पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।








# मोगड़ा कलां के किसानों ने किया काजरी भ्रमण



**जोधपुर @ पत्रिका.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की ओर से गोद लिए गए मोगड़ा कलां गांव के किसानों ने मंगलवार को काजरी भ्रमण कर खेती से संबधित जानकारी हासिल की। डॉ अशोक कुमार पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी गजे सिंह जोधा की ओर से काजरी के संबंध में एक शॉर्ट वीडियो फिल्म दिखाई गई। दूसरे सत्र में डॉ सुरेंद्र पूनिया ने काजरी की नर्सरी में विभिन्न पौधों और घास से किसानों को वगत कराया गया। इस दौरान किसानों को काजरी बेर की 40 प्रकार की किस्में, गुंदे, बेलपत्र, अंजीर, अमरूद, केरूंदा, आंवला, एलोवेरा, जोजोबा, खजूर सहित विभिन्न बागवानी फसलों के बारे में बताया गया।

## मोगड़ाकलां के किसानों ने किया काजरी भ्रमण

नवज्योति/जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय के गोद लिए गांव मोगड़ा कलां के कृषकों का एक दिवसीय काजरी भ्रमण करवाया गया। नोडल अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य गाँव के किसानों को काजरी द्वारा की गई विभिन्न परियोजनाओं एवं तकनीकी हस्तांतरण से अवगत करवाना था। डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बतायाकि प्रथम सत्र में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी गजसिंह जोधा ने एक शॉर्ट विडियो फिल्म के माध्यम से काजरी के प्रमुख उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए गए बहुआयामी शोध कार्यों की समेकित जानकारी दी।

दैनिक भास्कर जोधपुर 03-11-2021

## किसानों को भ्रमण में बताए काजरी के शोध कार्य



**जोधपुर** | जेएनवीयू की ओर से गोद लिए गए मोगड़ा कलां के किसानों को काजरी भ्रमण करवाया गया। स्मार्ट विलेज के नोडल अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य गांव के किसानों को काजरी की विभिन्न परियोजनाओं एवं तकनीकी हस्तांतरण से अवगत करवाना था। डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी गजसिंह जोधा ने एक शॉर्ट वीडियो फिल्म के माध्यम से काजरी के प्रमुख उद्देश्य, कार्यप्रणाली एवं विभिन्न क्षेत्रों में किए गए बहुआयामी शोध कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर सरपंच बागाराम पटेल, सांवलराम, बीजाराम, दलाराम, केवलराम, भल्लाराम, सुखराम, ओम सांई, मदनाराम, नरसिंहदान आदि उपस्थित थे।


शोक संदेश/उठावणा

जैन समाज



दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजु सिंघवी धर्मपत्नी श्री चंचलचंद सिंघवी का स्वर्गवास 02.11.2021 को हो गया है दाह संस्कार उसी दिया गया गया। जिनका दोनो पक्षों का संयुक्त उठावणा 03.11.2021 को प्रातः 9 बजे भैरूबाग जैन मंदिर में रखा गया है। श्री चंचलचंद सिंघवी (पति), रुचिता-श्री प्रियांश भण्डारी (पुत्री-जवाई)

राजपूत समाज



दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय श्रीमती तरुणा धर्मपत्नी अमर सिंह भाटी








दिनांक 20-01-2022

## समेकित बाल विकास योजना के तहत् स्मार्ट विलेज मोगड़ा कलां गाँव को खेल सामग्री भेंट

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा माननीय राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की महत्ती योजना स्मार्ट विलेज इनीशीएटीव के तहत् मोगड़ा कलां गाँव को गोद ले रखा हैं।स्मार्ट विलेज इनीशीएटीव नोडलअधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा मोगड़ा कलां गाँव में प्रतिमाह एक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं।इसी कड़ी में आज दिनांक **20.12.2022** को मोगड़ा कलां गाँव में समेकित बाल विकास योजना (आई. सी. डी. एस) के तहत् कार्यक्रम का आयोजन किया गया।समेकित बालविकास योजना एक अद्विितीय बाल विकास कार्यक्रम हैं।जिसका उद्देश्य कुपोषण,स्वास्थ्य और युवा बच्चों के विकास की आवश्यकता को पूरा करना हैं।इसी उद्देश्य की पूर्ति करने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा मोगड़ा कलां गाँव के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में खेल सामग्री भेंट की गई हैं। खेल सामग्री में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, बेडमींटन, रस्सीकुद, तस्तरी फेंक, कैरम बोर्ड,चेनीस चक्र, रिंगफेंक , चेस इत्यादि खेलों से सम्बन्धित हैं।

मोगड़ा कलां गाँव के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया की उपरोक्त खेल सामग्री से करिबन **500** विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। खेल सामग्री उपलब्ध हो जाने से विद्यालय में नियमीत रूप से खेल कालांश का आयोजन कर विद्यार्थीयों में शारीरिक,मानसिक व सामाजिक विकास प्रदान करना हैं।नियमित खेल अभ्यास से बच्चों में रूग्णता कम होगी व उनकी प्रतिरक्षा प्रणाली भी मजबुत होगी।पिछले **2** वर्षो से कोविड-**19** महामारी प्रकोप के कारण विद्यार्थीयों की खेलभावना में गिरावटआगई हैअतः कोविड-**19** महामारी परिस्थितियों के पश्चात् प्रतिदिन **1** से **2** घंटे व्यायाम करने व कोई भी खेल नियमित खेलने की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थीयों का मनोबल बना रहे व वे स्वस्थ रहे। खेलसामग्री भेंट कार्यक्रम में गांव के सरपंच श्री वागारामजी पटेल, पूर्व सरपंच श्री प्रकाश पटेल, राजकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री भवानी सिंह खीची,महेन्द्र कड़ेला,अन्य शिक्षक, विद्यार्थी व गाँव के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।


दैनिक भास्कर जोधपुर 21-01-2022

स्मार्ट विलेज मोगड़ा कलां गांव को खेल सामग्री भेंट

जोधपुर| जेएनवीयू की ओर से गोद लिए गए मोगड़ा कलां गांव में समेकित बाल विकास योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य कुपोषण, स्वास्थ्य और युवा बच्चों के विकास की आवश्यकता को पूरा करना है। इसके तहत राजकीय माध्यमिक विद्यालय में क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो-खो, कबड्डी, बेडमिंटन, रस्सी कूद, तस्तरी फेंक, कैरम बोर्ड, चाइनीस चक्र, रिंगफेंक एवं चेस आदि खेलों से संबंधित सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि इस सामग्री से 500 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर सरपंच वागाराम पटेल, प्रकाश पटेल, प्रधानाचार्य भवानी सिंह खीची एवं महेंद्र कड़ेला आदि उपस्थित थे।



दिनांक 22-03-2022

## विवि ने स्मार्ट विलेज मोगड़ा के सरकारी स्कूल में लगाए सीसीटीवी कैमरे

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा महामहिम राज्यपाल के आदेशानुसार यूनिवर्सिटी सोशल रेस्पोंसबिलिटी के तहत स्मार्ट विलेज इनिशिएटिव में मोगड़ा गाँव गोद ले रखा है । नोडल अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत ने बताया कि इसी इनिशिएटिव के अंतर्गत गाँव के सबसे बड़े सरकारी स्कूल सेठ जवानमल सामसुखा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं । इसी गाँव के निवासी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया इस विद्यालय में **550** से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययन करते हैं एवं स्कूल परिसर भी काफी विस्तृत है । इसी को मद्देनजर रखते हुए स्कूल परिसर में कैमरे लगाए गए ताकि हर गतिविधि पर नज़र बनी रहे । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री भवानी सिंह खींची एवं स्टॉफ सदस्यों ने विश्वविद्यालय परिवार का आभार जताते हुते कहा कि इस से स्कूल में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में नकल प्रकरणों पर रोक लगेगी एवं विद्यालय समय के पश्चात हुई गतिविधियों पर भी नज़र रहेगी एवं चोरी जैसी घटनाओ पर लगाम लगेगी । गाँव के सरपंच श्री वागा राम पटेल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी इसके लिए विश्वविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया हैं ।





